Phone : 07741-233014

# केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा (छ.ग.)

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय

*Kendriya Vidyalaya Maharajpur Kawardha (C.G.) An Autonomous Body under Ministry of Education : Govt. of India*

करपात्री स्टेडियम , जिला पंचायत रोड , कवर्धा , जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Karpatri Stadium, Zila Panchayat Road , Kawardha Dist- Kabirdham (CG.) 491995

Website: https://kawardha.kvs.ac.in/ Email – kawardhakv@gmail.com

CBSE Affiliation No :- 3300033, CBSE School Code :- 19268

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**Ref. No. F./1-2/KV/KWD/2020-21/ 176** **Dated: 22-02-2021**

## विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक का कार्यवाही विवरण

केन्द्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा में विद्यालय प्रबंधन समिति की सत्र 2020-21 की द्वितीय बैठक दिनांक **10-02-2021** (बुधवार) को सायं 4:00 बजे आयोजित की गई | माननीय कलेक्टर & अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षता में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी , जिला पंचायत कवर्धा , डिप्टी कलेक्टर & नामित अध्यक्ष , विद्यालय प्रबंधन समिति तथा अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई | विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सर्वप्रथम गणमान्य सदस्यों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया | प्राचार्य द्वारा समिति के समक्ष केन्द्रीय विद्यालय संगठन संबंधित जानकारी दी गई | तत्पश्चात बैठक के निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा आरंभ हुई |

1. विद्यालय के प्राचार्य द्वारा केंद्रीय विद्यालय कवर्धा में ऑनलाइन माध्यम से संचालित शैक्षणिक कार्यों के बारे में जानकारी दी गई | साथ ही G-SUITE के माध्यम से आयोजित की गई परीक्षाओं के बारे में बताया | समय समय पर विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके निदान हेतु विस्तृत चर्चा के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक (PTM) के बारे में समिति को प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया | प्रबंधन समिति के सदस्यों के समक्ष वर्तमान में कक्षा वार दर्ज विद्यार्थियों की नामांकन संख्या तथा सत्र 2021-22 में प्रवेश संबंधित जानकारी के विषय पर भी चर्चा की गई | इसके उपरांत विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे - एक भारत श्रेष्ठ भारत, National Children Science Congress,Virtual science exhibition (promotion of toys as a tool for education),Inspire award manak scheme, गणतंत्र दिवस आदि में भागीदारी की जानकारी PPT के माध्यम से प्रबंधन समिति के समक्ष रखी गई |
2. विद्यालय में सत्र 2021-22 के लिए संविदा शिक्षकों के पैनल निर्माण के विषय पर चर्चा की गई | माननीय अध्यक्ष , वि.प्र.स. के द्वारा सत्र 2021-22 के लिए संविदा शिक्षकों के पैनल निर्माण हेतु साक्षात्कार आयोजित करवाने के निर्देश दिए गए |
3. विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के समक्ष आगामी शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा नवमी हेतु अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था संबंधित चर्चा की गई तथा अवगत कराया गया कि अस्थाई भवन में संचालित विद्यालय में कमरे कम होने के कारण विद्यार्थियों को पुस्तकालय , योग कक्ष , खेलकूद कक्ष की सुविधा नहीं मिल पा रही है | माननीय अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय के समीप अन्य कमरों की व्यवस्था शीघ्र कराये जाने के संबंध में आश्वस्त किया गया | साथ ही पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जलापूर्ति के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कबीरधाम के माध्यम से विद्यालय प्रांगण में बोरिंग उपलब्ध कराये जाने के संबंध में आश्वस्त किया गया |
4. केन्द्रीय विद्यालय के परिसर में रात्रि में पर्याप्त रोशनी के लिए तथा बालकों के लिए एक अन्य शौचालय के लिए उचित व्यवस्था नगर पालिका , कवर्धा द्वारा करवाए जाने के निर्देश माननीय कलेक्टर & अध्यक्ष वि.प्र.स. के द्वारा दिए गए |
5. केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा के अस्थाई भवन के रंगरोगन के संदर्भ में श्री वी.के.चौहान, मुख्य कार्यपालन अभियंता ,लोक निर्माण विभाग , कवर्धा द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग , कवर्धा द्वारा रंगरोगन का कार्य जारी है तथा विद्यालय भवन के रंगरोगन का शेष कार्य जल्द पूर्ण करवाया जायेगा |

Phone : 07741-233014
केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा (छ.ग.)
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय
*Kendriya Vidyalaya Maharajpur Kawardha (C.G.) An Autonomous Body under Ministry of Education : Govt. of India*
करपात्री स्टेडियम , जिला पंचायत रोड , कवर्धा , जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Karpatri Stadium, Zila Panchayat Road , Kawardha Dist- Kabirdham (CG.) 491995
Website: https://kawardha.kvs.ac.in/ Email – kawardhakv@gmail.com
CBSE Affiliation No :- 3300033, CBSE School Code :- 19268

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

6. बारिश के समय विद्यालय प्रांगण में कीचड़ की समस्या बनती है ,जिसके निदान हेतु विद्यालय के प्राचार्य द्वारा अनुरोध किया गया| नामित अध्यक्ष वि.प्र.समिति के द्वारा उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए जीरा गिट्टी डलवाने का कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग,कवर्धा द्वारा कराये जाने का सुझाव रखा गया।
7. केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के विषय पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष वि.प्र.स. द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के नवीन सदस्यों का चयन नामित अध्यक्ष ,वि.प्र.स. के मार्गदर्शन में जल्द ही पूर्ण कर लिया जाये।

उपरोक्त जानकारी सभी गणमान्य सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक पश्चात् सभी माननीय सदस्यों को प्राचार्य महोदय द्वारा धन्यवाद प्रेषित कर इस परिचर्चा को पूर्णता प्रदान की गई। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1. SHRI VIJAY DAYARAM K.
   (CEO ,ZILA PANCHAYAT , KABIRDHAM)
2. SHRI VIPUL KUMAR GUPTA
   (DEPUTY COLLECTOR , KAWARDHA)
3. SHRI V.K.CHOUHAN
   (EXECUTIVE ENGINEER , PWD , KAWARDHA)
4. SHRI M K GUPTA
   (ASST. DIR. DISTRICT EDUCATIONOFFICE , KWD)
5. SHRI VINOD SHRIVASTAV
   (I/C RAJIV GANDHI SHIKSHA MISSION, KWD)
6.. SHRI RISHI KUMAR THAKUR
   ( HM MIDDLE SCHOOL KAWARDHA )
7.. SMT. HARSHITA TAMBOLI
   (TEACHER , GOVT. GIRLS HR SEC KAWARDHA)
8. MS KARUNA KATIYAR
   (TGT-MATHS , KV KAWARDHA)

22/2/21
प्राचार्य ग्रेड-II
केंद्रीय विद्यालय कवर्धा

कलेक्टर , कबीरधाम &
अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंध समिति
केंद्रीय विद्यालय कवर्धा

अध्यक्ष / CHAIRMAN
विद्यालय प्रबंध समिति
Vidyalaya Management Committee
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya
महाराजपुर, कवर्धा (छ.ग.)
Maharajpur, Kawardha (C.G.)